दिनांकः 18.10.2024 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेषिक समाचार

- प्रदेश की 7 विधानसभा सीटों के उपचुनाव के लिए नामांकन भरने की प्रक्रिया शुरू।
- राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट से पहले अब तक खान क्षेत्र से जुड़े 45 हजार करोड़ रूपये से अधिक के एमओयू।
- नगरीय विकास और स्वायत्त शासन के राज्यमंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा – अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति की समस्या का समाधान करना सरकार का उद्देश्य।
- जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में 27वें लोकरंग महोत्सव की रंगारंग शुरूआत।

00000

निर्वाचन आयोग ने राज्य विधानसभा की 7 सीटों के उपचुनाव के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। इसके साथ ही, झुंझुनू, दौसा, रामगढ़, देवली–उनियारा, खींवसर, सलूम्बर और चौरासी विधानसभा क्षेत्रों में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि चुनाव के लिए 25 अक्टूबर तक नामाकंन भरे जा सकेंगे। रविवार 20 अक्टूबर को सार्वजनिक अवकाश होने के कारण नामांकन दाखिल नहीं किए जा सकेंगे। नामांकन–पत्रों की जांच 28 अक्टूबर को होगी और नाम वापस लेने की आखिरी तारीख 30 अक्टूबर है। मतदान 13 नवम्बर को होगा। 23 नवम्बर को मतों की गिनती की जाएगी।

इस बीच भाजपा और कांग्रेस सहित विभिन्न दलों में उम्मीदवारों के चयन को लेकर सरगर्मियां बढ़ गई है। उप चुनावों में गठबंधन को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि गठबंधन पर फैसला हाईकमान करेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रदेश में मिलकर उप चुनाव लडेगी और जीत दर्ज करेगी। कांग्रेस ने सभी उपचुनाव वाले क्षेत्रों में पार्टी के वरिष्ठ पर्यवेक्षक नियुक्त कर दिये हैं। दूसरी ओर, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने संकेत दिये कि पार्टी लोकसभा और विधानसभा चुनावों में हारे हुए प्रत्याशियों को भी टिकट दे सकती है उन्होंने आज जयपुर में कहा कि जिताउ प्रत्याशियों को टिकट दिये जायेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने लोकसभा चुनावों में आरक्षण खत्म करने का भ्रम फैलाकर मतदाताओं को गुमराह किया, लेकिन जनता में कोई भ्रम नहीं है।

वहीं सभी निर्वाचन क्षेत्रों में प्रशासनिक तैयारियां जोर–शोर से चल रही हैं। डूंगरपुर जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित कुमार सिंह ने आज चौरासी विधानसभा उपचुनावों को लेकर विभिन्न प्रकोष्ठ के अधिकारियों के साथ बैठक ली। उन्होंने डूंगरपुर के श्रीभोगीलाल पण्डया सरकारी कॉलेज में तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने मतदान दलों की सुगम रवानगी और ईवीएम स्ट्रॉन्ग रूम व्यवस्था का जायजा लिया।

सलूम्बर में आदर्श आचार संहिता की पालना के लिये अलग–अलग टीम गठित की गई हैं। साथ ही विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की सीमा में प्रवेश करने वाले वाहनों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

0000

राइजिंग राजस्थान इनवेंस्टमेंट समिट के लिये प्रदेश के माइनिंग सेक्टर से अब तक 45 हजार करोड़ रूपये से अधिक के एमओयू हो चुके हैं। खान और पेट्रोलियम विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकान्त ने ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 8 नवंबर को जयपुर में आयोजित प्री समिट में माइनिंग सेक्टर में 50 हजार करोड़ रूपये से अधिक के निवेश के एमओयू होंगे। श्री रविकान्त उदयपुर में माइनिंग सेक्टर के स्टेक होल्डर्स और माइनिंग एसोसिएशन के प्रतिनिधियों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार माइनिंग सेक्टर से जुड़े प्रतिभागियों के व्यावहारिक सुझावों का समावेश करते हुए जल्द ही नई माइनिंग नीति लाने जा रही है वहीं व्यवस्था को पारदर्शी और सरल बनाने की दिशा में किया जा रहा है। जयपुर जिले की प्री–इनवेंस्टर समिट के साथ ही दूदू जिले का जिला स्तरीय समिट भी आयोजित किया जाएगा। इसी तरह सीकर में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का जिला स्तरीय इन्वेस्टर मीट 23 अक्टूबर को होगा। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बताया कि जिले में अधिकाधिक निवेश आए इसके लिए प्रवासी राजस्थानियों, भावी उद्यमियों और जिले के उद्यमियों, निवेशकों से संपर्क कर उन्हें निवेश के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल नई दिल्ली में कर्मयोगी–राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह–एनएलडब्ल्यू का शुभारंभ करेंगे। सप्ताह के दौरान मंत्रालयों और विभिन्न विभागों में नवनियुक्त कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। हर कर्मचारी को इस दौरान कम से कम 4 घंटे का प्रशिक्षण लेना होगा। ये सप्ताह व्यक्तिगत प्रतिभागियों, मंत्रालयों, विभागों और संगठनों द्वारा विभिन्न प्रकार की भागीदारी के माध्यम से सीखने के लिए समर्पित होगा। सप्ताह के दौरान, प्रख्यात वक्ता अपनी विशेषज्ञता से जुड़े विषयों पर व्याख्यान देंगे।

000

नगरीय विकास और स्वायत्त शासन राज्यमंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा है कि राज्य सरकार आमजन की परिवेदनाओं के निस्तारण के लिए पूरी प्रतिबद्धता और समर्पित भाव से काम कर रही है। श्री खर्रा आज जोधपुर में जनसुनवाई कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार का ध्येय प्रदेश में अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति की समस्या का समाधान करना है। उन्होंने आमजन की परिवेदनाओं को सुना और संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को 15 दिन बाद फिर समीझा करने को भी कहा है।

000

ऊर्जा राज्य मंत्री हीरालाल नागर ने कहा है कि प्रदेश की भाजपा अपने कार्यकाल में फ्यूल सरचार्ज नहीं बढायेगी। उन्होंने आज कोटा में कहा कि सरकार बिजली का उत्पादन और बढायेगी ताकि बिजली की दरें कम की जा सकें। श्री नागर ने कहा कि ऊर्जा उत्पादन के लिए राज्य सरकार नई से नई तकनीक का इस्तेमाल कर रही है और भविष्य में 32000 मेगावाट बिजली उत्पादन के लिए योजना बनाई जा रही है।

ऊर्जा मंत्री ने राज्य सरकार की 10 महीने की उपलब्धियों के बारे में बात करते हुए कहा कि सरकार युवाओं के सपनों को साकार करने का काम कर रही है।

0000

जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में आज से 27वां लोकरंग महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। पर्यटन, कला और संस्कृति विभाग के सचिव रवि जैन ने ध्वज फहराकर इसका विधिवत उद्‌घाटन किया। 11 दिन के महोत्सव के अंतर्गत राष्ट्रीय लोक नृत्य समारोह और राष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले का आयोजन किया जा रहा है। 24 राज्यों के लगभग 4 हजार कलाकार इस महोत्सव में भाग ले रहे हैं। राष्ट्रीय लोक नृत्य समारोह के तहत राजस्थान की लोक कलाओं के साथ ही पंजाब, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, असम, त्रिपुरा, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश समेत अन्य राज्यों के कलाकार अपनी लोक कलाओं की प्रस्तुति देंगे।

000

जयपुर स्थापना दिवस समारोह आज से शुरू हो गया है। शहर के मोती डूंगरी गणेश मन्दिर में गणपति की पूजा अर्चना के साथ इस समारोह का शुभारम्भ हुआ। नगर निगम हेरिटेज समारोह के तहत एक महीने तक हर दिन अलग–अलग कार्यक्रमों का आयोजन करेगा। इन कार्यक्रमों में देश और प्रदेश के प्रसिद्ध कलाकार प्रस्तुतियां देंगे। इस बार समारोह में राजस्थानी कार्यक्रम, सूफी कार्यक्रम, हैरिटेज वॉक, कत्थक नृत्य और बॉक्स क्रिकेट के आयोजन भी होंगें 21 अक्टूबर को जल महल की पाल पर सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। 22 अक्टूबर को बड़ी चौपड पर कव्वाली का कार्यक्रम रखा गया है। इसके साथ ही बॉलीवुड नाईट, भजन संध्या और कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें देश के ख्यातनाम कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।

000

भरतपुर में जल्द ही मधुमक्खी पालन उत्कृष्टता केंद्र खोला जाएगा। ये राजस्थान का पहला मधुमक्खी पालन उत्कृष्टता केन्द्र होगा। हमारे भरतपुर संवाददाता ने बताया कि इसके लिए पंचायत समिति सेवर के मई गुर्जर गांव में करीब 10 हेक्टेयर भूमि आवंटित की गई है ।

000

सिरोही जिले के आबूरोड में सशक्त राजस्थान के तहत आयोजित तीन दिन की प्रदर्शनी आज सम्पन्न हुई। समापन समारोह में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी और भू–जल मंत्री कन्हैयालाल तथा सांसद लुंबाराम चौधरी ने शिरकत की। इस दौरान केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। केंद्र और राज्य के विभिन्न विभागों की ओर से प्रदर्शनी में स्टॉल लगाये गये।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 27 अक्टूबर को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 115वीं कड़ी होगी। श्रोता, इस महीने की 25 तारीख तक टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर कार्यक्रम के लिए सुझाव भेज सकते हैं। इसके अलावा 1922 पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक से भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। नरेंद्र मोदी एप या माई जीओवी ओपन फोरम के जरिये ऑनलाइन भी सुझाव दिये जा सकते हैं।

000